महत्वपूर्ण एवं खास

डेटिंग एप के माध्यम से महिला से 1 लाख से अधिक की ठगी

रायपुर (आरएनएस)। डेटिंग एप के माध्यम से दोस्ती कर महिला से 1 लाख 25 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया सविता गुप्ता 43 वर्ष खुशी इंक्लेव अमलीडीह न्यू राजेन्द्र नगर की रहने वाली है। प्रार्थिया को डेटिंग एप के माध्यम से आरोपी जॉनसन सतीश से दोस्ती हुआ। आरोपी ने अपने आप को स्कॉटलैंड का रहने वाला बताया। जिसके बाद आरोपी मोबाइल नंबर 9187987-99224 से प्रार्थिया को काल कर बात करने लगा। इइस दौरान आरोपी ने गिफ्ट देने के बहाने कस्टम ड्यूटी क्लियरेंस के नाम पर महिला से 3 बार में 1 लाख 25 हजार 500 रुपए ठग लिए। जिसके बाद प्रार्थिया ने इसकी शिकायत राजेन्द्र नगर थाना में की। मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

बंधक मकान का सौदा तय कर 15 लाख की ठगी

रायपुर (आरएनएस)। बैंक में बंधक मकान का सौदा कर 15 लाख रुपए बयाना लेकर धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कल्पेश रायवुरा 44 वर्ष सप्रे स्कूल के सामने बुढ़ापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी विकाश बसंत 38 वर्ष ने प्रार्थी को अपनी पत्नी के नाम पर रिषभ कॉम्पलेक्स न्यू राजेन्द्र नगर में मकान होना बताया, जिसे बेचना है कहा, जिस पर प्रार्थी ने उक्त मकान को खरीदने के लिए 36 लाख रुपए में सौदा तय किया और आरोपी विकाश को 15 लाख रुपए बयाना दे दिया। जब प्रार्थी रजिस्ट्री के लिए कहा तो आरोपी टाल मटोल करने लगा। फिर प्रार्थी ने पता किया तो उक्त मकान बैंक में बंधक होना पाया। जिसके बाद प्रार्थी ने इसकी शिकायत टिकरापारा थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

रेलवे स्टेशन से बाइक पार

रायपुर (आरएनएस)। रेलवे स्टेशन गेट नंबर 1 के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विनोद साहू 31 वर्ष चंदनडीह नंदनवन रोड का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सीटी 7550 से रेलवे स्टेशन आया था, जहां वह अपनी बाइक को स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अवैध वेंडरों ने की कमर्शियल इंस्पेक्टर की पिटाई

दुर्ग-रायपुर (आरएनएस)। रेलवे स्टेशनों में वेंडरों की दंबगई कोई नई बात नहीं है। अब तो स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि अवैध वेंडर खुलेआम गुण्डागर्दी करते हुए रेलवे अमले को ही पिटने लगे हैं। कुछ इसी तरह की घटना दुर्ग रेलवे स्टेशन में घटित होने की सूचना है, जहां कार्रवाई करने पहुंचे सीआई की पिटाई हो गई। बताया जाता है कि दुर्ग रेलवे स्टेशन में अवैध वेंडरों की गुण्डागर्दी की शिकायत पर कार्रवाई करने पहुंचे कमर्शियल इंस्पेक्टर के साथ बहस करते हुए यहां काम कर रहे अवैध वेंडरों ने मारपीट शुरू कर दी। बताया जाता है कि खुलेआम रेलवे अधिकारी की पिटाई करने वाले वेंडर यहीं नहीं रूके और लगातार हंगामा करते रहे। रेलवे स्टेशन में हंगामा होने के बाद भी यहां न तो जीआरपी आई और न ही आरपीएफ के जवान पहुंचे। बताया जाता है कि मारपीट से आहत सीआई ने मामले की शिकायत रेलवे के उच्चाधिकारियों से की है। इसके बाद रेलवे प्रशासन हरकत में आया और करीब 7 अवैध वेंडरों को पकड़ा गया।

मुख्यमंत्री आज नगरी में राम वन गमन परिपथ के 9.61 करोड़ रुपए के कार्यो का करेंगे लोकार्पण

❐ रामायण महोत्सव में सुप्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा की होगी प्रस्तुति

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कल 11 सितम्बर को धमतरी जिले के नगरी के मुकुंदपुर में आयोजित समारोह में राम वन गमन पर्यटन परिपथ के तहत कराए गए 9.61 करोड़ की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। समारोह में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत एवं उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव प्रमुख अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि बस्तर लोक सभा सांसद दीपक बैज होंगे। इस मौके पर रामायण महोत्सव का भव्य आयोजन स्वामी आत्मानंद श्रृंगि ऋषि स्कूल मैदान, नगरी में होगा वहां सुप्रसिद्ध भजन गायक पद्मश्री अनूप जलोटा, मुंबई और सुप्रसिद्ध भजन गायक सुरेश कुमार ठाकुर, द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

राम वन गमन पर्यटन परिपथ के अंतर्गत नगरी के मुकुंदपुर में 8 करोड़ 29 लाख रूपए की लागत से भगवान श्रीराम जी की प्रतिमा, राम वाटिका, दीप स्तंभ, एलइडी ब्राडिंग, सप्तऋषि की मूर्तियां, प्रवेश द्वार, 01 कॉटेज, पार्किंग, एप्रोच रोड, पर्यटक सूचना केन्द्र, कलवर्ट निर्माण, कॉटेज निर्माण, लॉन डव्हलपमेंट, सीसीटीवी, यज्ञशाला, जनसुविधा केन्द्र, ड्रेन, विद्युतीकरण, ओव्हरहेड वॉटर टैंक, स्टेयर्स, सीढ़ी निर्माण, मॉडयूलर शॉपं, सप्तऋषि स्थल का विकास, साइनेजेस, गजीबो, बाउण्ड्रीवॉल, साइट डेव्हलपमेंट, गार्ड रूम का निर्माण किया गया है वही श्रृंगी ऋषि आश्रम सिहावा में करटेन वॉल (म्यूरल के साथ), प्रवेश द्वार, रेलिंग एवं शेड निर्माण, गजिबो, सौदर्यीकरण, विद्युतीकरण, यज्ञशाला (पहाड़ी पर), इंटरनल प्लम्बिंग, श्रृंगी ऋषि आश्रम में स्थित हनुमान मंदिर का सौदर्यीकरण, पाथवे का विकास, जनसुविधा केन्द्र का जीर्णोद्धार कार्य कराया गया है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आदिम जाति कल्याण मंत्री मोहन मरकाम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविन्द्र चौबे, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, वाणिज्य कर मंत्री कवासी लखमा, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंडिया, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री रूद्रकुमार गुरू, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल इसी प्रकार सांसद मोहन मंडावी, सांसद चुन्नी लाल साहू, संसदीय सचिव चिंतामणि महाराज, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, धमतरी की विधायक रंजना डीपेन्द्र साहू, कुरूद विधानसभा क्षेत्र के अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होगें।

इसी प्रकार समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक अजय चंद्राकर गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. महंत रामसुंदर दास, छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ राज्य आपूर्ति निगम के अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल छत्तीसगढ़ पर्यटन के उपाध्यक्ष चित्ररेखा साहू, सदस्य निखिल द्विवेदी, नरेश ठाकुर, अंकित बागबाहरा, नैना गवेल, नीति सिंह, धमतरी के महापौर विजय देवांगन, नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, अध्यक्ष आराधना शुक्ला, दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष मोहन लालवानी, पर्यटन बोर्ड के सदस्य नरेश ठाकुर, सदस्य नैना गबेल, जिला पंचायत अध्यक्ष कांती सोनवानी, उपाध्यक्ष नीशू चंद्राकर, सभापति मीना बंजारे, जनपद सदस्य बिसरी बाई कुंजाम, मुकुंदपुर के सरपंच राजेश कुंजाम विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होगें।

छत्तीसगढ़ ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड : राजधानी में 2 हजार से अधिक योग साधकों ने किया सेतुबंध आसन का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री ने उपलब्धि पर दी शुभकामनाएं

❐ छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा नागरिकों को स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रेरित करने सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ ने सेतुबंध आसन के प्रदर्शन के लिए गोल्डन बुक ऑफ वल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा लिया है। राजधानी रायपुर के बूढ़ापारा स्थित स्वर्गीय बलबीर जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आज प्रदेशभर से आए 2000 से अधिक योगाभ्यासियों ने तिरंगे रंग का प्रतिरूप बनाते हुए एक साथ वल्ड रिकॉर्ड के लिए सेतुबंध आसन का सामूहिक प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस उपलब्धि पर शुभकामना संदेश में कहा है कि 'छत्तीसगढ़ जब तक करेगा योग, तब

तक रहेगा निरोग'। उन्होंने कहा कि सेतुबंध आसन मन और शरीर को ब्रिज की तहत जोड़ता है। गोल्डन बुक ऑफ वल्ड रिकॉर्ड के एशिया हेड डॉ. मनीष विश्नोई ने रिकार्ड बनने की घोषणा करते हुए छत्तीसगढ़ योग आयोग को प्रोविजनल सर्टिफिकेट प्रदान किया। छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा लोगों को योग के महत्व के प्रति जागरूक करने और स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदीप शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा गोल्डन बुक ऑफ वल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोगों के स्वास्थ को प्राथमिकता में रखते हुए छत्तीसगढ़ योग आयोग को महती जिम्मेदारी सौंपी। इसे पूरा करते हुए आयोग द्वारा प्रदेश में लगभग 50 नियमित नि:शुल्क योगाभ्यास केन्द्र शुरू किये गए हैं। सभी संभागों के योगसाधकों में प्रशिक्षण देकर गांव-गांव तक योग का प्रचार किया जा रहा है। संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग तन, मन और धन को सुरक्षित रखता है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुसार आम नागरिकों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए उनके विधानसभी क्षेत्र के 90 प्रतिशत से अधिक वार्डों में नि:शुल्क योग केन्द्र खोले गए हैं। डॉ. किरणमयी नायक ने कहा कि सभी योगसाधक 10-10 लोगों को योग सिखाएं। अगले वर्ष बड़ी संख्या में एक बार फिर सभी रिकॉर्ड बनाएंगे। सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में सेतुबंध आसन के साथ-साथ अन्य आसनों, प्राणायामो तथा ध्यान का अभ्यास भी किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल की उपाध्यक्ष चित्ररेखा साहू, छत्तीसगढ़ योग आयोग के सदस्यगण राजेश नारा, रविन्द्र सिंह, गणेश योगी, संस्कृत विद्यामंडलम के अध्यक्ष डॉ. सुरेश शर्मा, आईजी रतनलाल डांगी, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के साधकगण सहित बड़ी संख्या में योग प्रशिक्षक और साधकगण और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

कोसरँगी रीपा में मिलेगी इकोफ्रेंडली गणेश की मूर्ति, साथ में पूजन सामग्री फ्री

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर-जिले के कोसरंगी रीपा में गणेश की मूर्ति भी मिलेगी, वह भी इकोफ्रेंडली। सबसे खास बात यह है कि इसके साथ पूजा सामग्री की किट फ्री मिलेगी। यह मूर्ति सहित पूजन सामग्री की कीमत 100 रुपये से लेकर आकार के हिसाब से 20 हजार रुपये की कीमत तक है। इस पूजन सामग्री में भगवान गणेश की स्थापना के साथ उनके हवन तक सामग्री शामिल है। गणेश की मूर्ति कारीगर सन्तोष कुमार बना रहे हैं और जय माँ अन्नपूर्णा स्व सहायता समूह द्वारा पूजन सामग्री बनाई जा रही है। यह महिला समूह नवरात्रि के लिए भी पूजन सामग्री बना रही है। गौरतलब है कि कोसरंगी रीपा में हरेली त्योहार में गेड़ी भी बनाया गया था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पहल से गांवों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की शरुआत की गई है जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कार्य किये जा रहे हैं इससे ग्रामीणों को गांव में ही रोजगार मिल रही हैं और अच्छी आय भी हो रही है।

एलईडी वैन से किया जा रहा छत्तीसगढ़ सरकार के योजनाओं का प्रचार प्रसार

सारंगढ़ बिलाईगढ़। जनसंपर्क विभाग द्वारा जिलों में एलईडी प्रचार वाहन से छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार गांव गांव शहर शहर में किया जा रहा है। जिले के बरमकेला विकासखंड के ग्राम बुदेली, सराइपाली, कुम्हारी, मल्दा, लेंधरा, दमदमा, झिकीपाली, कंचनपुर में एलईडी वैन से योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। राज्य सरकार की अक्ती तिहार का कैलेंडर, योजनाओं के पाम्पलेट आदि का वितरण भी किया गया है। यह एलईडी प्रचार वाहन जिले के सारंगढ़ और बिलाईगढ़ विकासखंड के गावों शहरों में प्रचार प्रसार करेगा। एलईडी प्रचार वाहन से राजीव गांधी किसान न्याय योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना, नई औद्योगिक नीति, राजीव युवा मितान क्लब, पौनी पसारी योजना, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल योजना, शहीद महेंद्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना, हाफ बिजली बिल, बेरोजगारी भत्ता, किसानों के कर्ज माफ, राम वन गमन पर्यटन परिपथ का विकास, मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना, राजीव गांधी भूमिहीन खेतिहर मजदूर न्याय योजना और सुराजी योजना नरवा, गरवा, घुरवा बाड़ी का वीडियो क्लिप के माध्यम से प्रचार किया जा रहा है।

जलकुंभी के चलते विशाल मैदान प्रतीत हो रहा महाराजबंध तालाब

❐ उपेक्षा से अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे शहर के पुराने तालाब

रायपुर (आरएनएस)। शहर के पुराने तालाबों को बचाने के बजाए उल्टे इनकी उपेक्षा की जा रही है। परिणामस्वरूप सरोहर धरोहर जैसी योजनाएं धरातल पर दम तोड़ती नजर आती है। कुछ ऐसा ही हाल शहर के सबसे पुराने तालाबों में से एक महाराजबंध तालाब का है। यहां जलकुंभी इस कदर फैली हुई है कि तालाब में दूर-दूर तक केवल जलकुंभी की हरियाली ही नजर आती है।

महामाया मंदिर से दूधाधारी मंदिर को जोडऩे वाले मार्ग से गुजरने पर अब महाराजबंध तालाब किसी हरे-भरे मैदान जैसा प्रतीत होता है। यही नहीं एक बारगी में देखने पर महसूस होता है कि यहां इतना सुंदर मैदान है। मगर वास्तविकता तो यही है कि यह मैदान नहीं बल्कि एक विशाल जलराशि का तालाब है। यह तालाब अब अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। कैलाशपुर, ब्रम्हपुरी से महामाईपारा को जोडऩे वाली सडक़ बनाने के नाम पर इस तालाब का एक बड़ा हिस्सा पहले से ही पाटा जा चुका है। वहीं दूधाधारी मंदिर के सामने वाले हिस्से में भी एक बड़ी आबादी बस चुकी है। कैलाशपुर से बजरंग चौक मठपारा जाने वाले मार्ग में भी नजारा कुछ इसी तरह का है। कुल मिलाकर एक समय में बूढ़ातालाब से सीधे जुड़े रहने वाला महाराजबंध तालाब आज लगातार सिमटते जा रहा है। ऊपर से जलकुंभी जैसी परेशानी से तालाब का पानी लगातार प्रदूषित हो रहा है। इसके चलते आसपास के रहवासियों के समक्ष एक बार फिर से निस्तारी की समस्या खड़ी हो गई है।

फर्जी मोबाइल नंबरों से आए एसएमएम से बिजली उपभोक्ता रहें सावधान

❐ कनेक्शन काटे जाने का संदेश भेजकर उपभोक्ताओं को कर रहे भ्रमित

❐ छत्तीसगढ़ विद्युत कंपनी की ओर से एलर्ट जारी

सारंगढ़ बिलाईगढ़। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन विद्युत कंपनी ने एलर्ट जारी करते हुए कहा है कि साइबर ठग द्वारा उपभोक्ताओं के मोबाइल पर झूठी (फेक) एसएमएस भेजे जा रहे हैं, जिसमें बिजली बिल भुगतान नहीं होने पर कनेक्शन काटने का संदेश लिखा होता है तथा 10 अंकों का फर्जी मोबाइल नंबर से संपर्क करने कहा जाता है। इस नंबर पर

फोन करने पर साइबर ठग बिजली कनेक्शन कटने का झांसा देते हैं। विद्युत कंपनी कभी भी अपने उपभोक्ताओं को 10 अंकों के मोबाइल नंबर से कोई मैसेज नहीं भेजती है और न ही 10 अंकों के मोबाइल नंबर पर किसी तरह के भुगतान स्वीकार किया जाता है। पॉवर कंपनी ना ही कभी भी किसी लिंक को क्लिक करने के लिए कहती है और ना ही 'मोर बिजली ऐप' के अलावा किसी ऐप को डाउनलोड करने या उपयोग करने को कहती है। साइबर ठग उपभोक्ता नंबर के बजाय उपभोक्ता का मोबाइल नंबर मांगते हैं और भुगतान संबंधी जानकारी देने की बात कहते हैं। साथ ही ये प्ले स्टोर में जाकर किसी एप्प को डाउनलोड करने कहते हैं, जिससे उपभोक्ता धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं। उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि बिजली संबंधी सभी भुगतान विद्युत वितरण कंपनी के काउंटरों, एटीपी सेंटरों, मोर बिजली ऐप, कंपनी की वेबसाइट सीएसपीडीसीएल डॉट सीओ डॉट इन अथवा सीएसी या पे पॉइंट के अधिकृत आउटलेट्स पर ही करें। इनके अलावा किसी दूसरे माध्यम से किसी भी तरह की राशि का भुगतान न करें। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को सूचनार्थ भेजे जाने वाले अधिकृत एसएमएस हमेशा सीएसपीडीसीएल सेन्डर आई डी के साथ भेजे जाते हैं। इसके अलावा कंपनी ने अपने सभी उपभोक्ताओं को ऐसे किसी भी अनाधिकृत एसएमएस को नजर अंदाज करने की सलाह दी है। इसके अलावा कंपनी की टोल फ्री नंबर 1912 पर संपर्क कर अपने संदेह का समाधान कर सकते हैं।

बेकरी उद्योग से महिलाएं बढ़ रही हैं आर्थिक सशक्तिकरण की ओर

❐ रीपा ईटपाल में बनाए जा रहे हैं रागी बिस्किट, चॉकलेट बिस्किट, नान खटाई टोस्ट जैसे स्वादिष्ट व्यंजन

रायपुर (आरएनएस)। रीपा ईटपाल में बनाए जा रहे हैं रागी बिस्किट, चॉकलेट बिस्किट, नान खटाई टोस्ट जैसे स्वादिष्ट व्यंजन

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर प्रारंभ किये गए महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) से जुडक़र महिलाए आर्थिक सशक्तिकरण की ओर बढ़ रही

है। इसी कड़ी में बीजापुर जिला अंतर्गत रीपा ईटपाल में मथुरा देवी 2 कोतापाल समूह की महिलाओं द्वारा मनवा बीजापुर ब्रांड के बीजावन नाम से रागी बिस्किट, चॉकलेट बिस्किट, नान खटाई टोस्ट जैसे स्वादिष्ट व्यंजन बनाए जा रहे हैं। बेकरी उद्योग से समूह की महिलाएं विगत दो माह में ही 20 हजार रूपए से भी अधिक की आमदनी अर्जित की है। महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) ईटपाल में समूह की महिलाओं को जून महीने के अंतिम सप्ताह में ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया था।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा बेकरी खाद्य उत्पादनों की गुणवत्ता एवं स्वादिष्ट व्यंजन निर्माण के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही खाद्य सामग्रियों के विक्रय एवं प्रचार-प्रसार हेतु प्रति मंगलवार को कलेक्टोरेट परिसर में स्टॉल लगाया जा रहा है। जिससे जिले के समस्त अधिकारी- कर्मचारियों द्वारा खाद्य सामग्रियों की खरीदी की जा रही है और रीपा में बन रहे उत्पादों को बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है।

रीपा ईटपाल में मथुरा देवी 2 कोतापाल समूह से जुड़ी रीना लिंगम, अनिता लिंगम, जयश्री लिंगम, सुशीला कडियल, रजनी पुल्ला और अनिता ने मुक्त कंठ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद देते हुए कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा ईटपाल ग्राम पंचायत में रीपा केंद्र खोलना एक बहुत ही अच्छी पहल है। जिससे महिलाओं को गांव घर में ही रोजगार प्राप्त हो रहा है और यहां काम करने में अच्छा लग रहा है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर वेतहलत, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् उक्त पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU